# संदेश

पारसी नव वर्ष नवरोज़ के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों विशेषकर पारसी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

नवरोज़ नव आरंभ और नई उम्मीदों का पर्व है। खुशहाली और सद्भाव का यह पर्व हमें सेवा और सहअस्तित्व के मानवीय मूल्यों का स्मरण कराता है। पारसी समुदाय ने अपनी उद्यमशीलता और परोपकार की भावना से भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुझे विश्वास है कि यह पावन पर्व सभी देशवासियों को समावेशी और विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा देगा। मेरी मंगलकामना है कि नवरोज़ का यह नववर्ष सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का संचार करे।

***